# नर्मदांचल



**नवभारत**
भोपाल, रविवार, 01 मार्च, 2026


### एक नजर में


**भारत मेडागास्कर मैत्री समूह की सदस्य बनीं माया नारोलिया**

**नर्मदापुरम** राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया को 18वीं लोकसभा के कार्यकाल हेतु भारत मेडागास्कर संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह मैत्री समूह भारत और Madagascar के बीच संसदीय संबंधों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गठित किया गया है। इस समूह के माध्यम से दोनों देशों के सांसदों के बीच संवाद, सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। नियुक्ति पर श्रीमती माया नारोलिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि भारत और मेडागास्कर के मध्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं कूटनीतिक संबंध रहे हैं, जिन्हें और अधिक मजबूत बनाने में संसदीय मैत्री समूह की अहम भूमिका होगी। श्रीमती नारोलिया ने विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच के माध्यम से दोनों देशों के बीच संसदीय संवाद, सहयोग एवं आपसी समझ को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ इस दायित्व का निर्वहन करेंगी तथा शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदत्त इस जिम्मेदारी के लिए पुन: आभार प्रकट किया।इस समूह के माध्यम से दोनों देशों के सांसदों के बीच संवाद, अनुभवों को बढ़ावा दिया जाएगा।

# कृषि को पारंपरिक से लाभकारी बनाएंगे

## म.प्र.को देश के कृषि पॉवर-हाउस के रूप में किया स्थापित

वर्ष-2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/28,फरवरी,2026** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने पिछले दशक में कृषि क्षेत्र में 16 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक विकास दर हासिल कर स्वयं को देश के कृषि पॉवर-हाउस के रूप में स्थापित किया है। फसल उत्पादन, उत्पादकता, दुग्ध और मत्स्य पालन में हुई। इस अभूतपूर्व प्रगति के बाद अब राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य कृषि को पारंपरिक व्यवसाय से आगे बढ़ाकर एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में परिवर्तित करना है। इस संकल्प के केंद्र में कृषि के उत्पादन और उत्पादकता को तकनीक के माध्यम से बढ़ाते हुए, मार्केटिंग और प्रोसेसिंग से जोड़ना है। समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लिए वर्ष-2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि और किसानों पर केन्द्रित पूरे वर्ष संचालित होने वाली गतिविधियों से किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के इस संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकार कृषि अनुसंधान और मौसम आधारित जोखिम प्रबंधन को एक नई दिशा दे रही है। इस संकल्प के अंतर्गत राज्य की विशिष्ट फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करते हुए उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण अनुसंधान केंद्रों की स्थापना की जा रही है, इसी क्रम में डिंडोरी में स्थापित होने जा रहे मध्यप्रदेश राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र के माध्यम से मिलेट्स के उत्पादन एवं पोषण सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। इसी कड़ी में, ग्वालियर में सरसों अनुसंधान केंद्र और उज्जैन में चना अनुसंधान केंद्र की स्थापना कर इन प्रमुख फसलों की गुणवत्ता और पैदावार को बढ़ाने पर विशेष बल दिया जायेगा।

कृषि क्षेत्र में वैश्विक नवाचारों को आत्मसात करने के लिए किसानों और अधिकारियों के लिए विदेश अध्ययन भ्रमण योजना को पुन: प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे विश्व की उन्नत तकनीकों को स्थानीय स्तर पर लागू किया जा सके। इसके साथ ही, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देते हुए ग्रीष्मकालीन मूंगफली की खेती के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जो किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त और मजबूत स्रोत बनेगी।

खेती की मौसम पर निर्भरता और उससे जुड़ी अनिश्चितताओं को कम करने के लिए सरकार तकनीक-आधारित जोखिम प्रबंधन पर विशेष निवेश कर रही है। इसके तहत पूरे प्रदेश में विंडस विकसित किया जा रहा है, जो किसानों को सटीक मौसम पूर्वानुमान और तात्कालिक कृषि सलाह (एग्री-एडवाइजरी) सीधे उनके मोबाइल पर उपलब्ध कराएगा। यह प्रणाली न केवल प्राकृतिक आपदाओं से फसल को बचाने में मदद करेगी, बल्कि बुवाई और कटाई के समय को वैज्ञानिक आधार प्रदान करेगी।

किसानों को पूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करने के उद्देश्य से अब मौसम आधारित बीमा योजना का दायरा बढ़ाकर उसमें उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया जा रहा है। अनुसंधान, विविधीकरण और डिजिटल वेदर मैनेजमेंट का यह एकीकृत संगम न केवल कृषि को जोखिम मुक्त बनाएगा, बल्कि समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश के संकल्प को वास्तविकता में बदलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता के नए सोपान पर खड़ा करेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 को प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने व्यापक 10-दिशात्मक रणनीति तैयार की है। इसके प्रथम आयाम के तहत श्री-अन्न (मिलेट्स), चना और सरसों जैसी फसलों पर गहन शोध और उर्वरकों के अग्रिम भंडारण पर जोर दिया गया है। साथ ही तिलहन भावान्तर व्यापीकरण, उड़द/मूंगफली, गन्ना क्षेत्र विस्तारण, ई-विकास व्यापीकरण, उर्वरक अग्रिम भंडारण, पराली से उर्जा प्रबंधन इत्यादि कार्य सम्मिलित हैं। द्वितीय आयाम फसल विविधीकरण और प्राइस स्टेबिलाइजेशन (मूल्य स्थिरीकरण) पर केंद्रित है, जिससे आलू-प्याज-टमाटर जैसी फसलों के दाम गिरने पर भी किसान आर्थिक रूप से सुरक्षित रहें।

तृतीय आयाम पूरी तरह से प्राकृतिक मध्यप्रदेश मिशन को समर्पित है, जहाँ रसायन मुक्त खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। चतुर्थ और पंचम आयाम में संसाधनों के इष्टतम उपयोग, जैसे पर ड्रॉप मोर क्रॉप 2.0 और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को शामिल किया गया है। कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने के लिए 10 कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना इस अभियान का एक मुख्य आकर्षण है। छठे से आठवें आयाम तक का ध्यान कृषि मंडियों के आधुनिकीकरण, ग्लोबल एग्री ब्रांडिंग और एग्री-हैकाथॉन जैसे नवाचारों पर है। अंतिम दो आयाम डिजिटल गवर्नेंस और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं, जिसमें एआई आधारित कृषि परामर्श और क्यूआर कोड आधारित फार्म ट्रेसेबिलिटी शामिल है।

## हर्बल पार्क घाट पर नगरपालिका ने चलाया स्वच्छता महाअभियान



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम** हर्बल पार्क घाट पर शनिवार को स्वच्छता महा अभियान चलाया गया, स्वच्छता महाअभियान में नागरिकों ने बढ चढकर श्रमदान किया गया। करीब दो ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया। जिसे कचरा वाहनों की मदद से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।अभियान प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी के निर्देश पर आज हर्बल पार्क घाट पर स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता महाअभियान में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापति रिचा तिवारी, सभापति निर्मला हंस राय, पूर्व पार्षद जीतू तिवारी, अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीश यादव, समाजसेवी एवं पत्रकार विलास नीले सहित नपा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि हर्बल पार्क घाट पर दाह संस्कार न किया जाएगा। घाट पर स्वच्छता बनाए रखने पालिथिन का उपयोग न करें। सीएमओ श्रीमती पटले ने स्वच्छता टीम को निर्देशित किया कि यहां सावधानी और सुरक्षा से संबंधित बोर्ड लगाया जाए।

# समाज परिवर्तन में विद्यालयों की भूमिका अहम

**नवभारत न्यूज**
**बनखेडी, 28 फरवरी** गोविंद नगर में आयोजित विद्या भारती मध्यक्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक में शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री माननीय श्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि विद्या भारती पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के कार्य में निरंतर सक्रिय है और इस दिशा में विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्या भारती के विद्यालयों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, आचार्य, अभिभावक, समिति सदस्य तथा लाखों पूर्व छात्र समाज में परिवर्तन के वाहक बनकर कार्य कर रहे हैं। अपने आचरण और व्यवहार से वे स्वदेशी को बढ़ावा देने, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज में समरसता का वातावरण बनाने का कार्य कर रहे हैं।अखिलेश मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी विद्या भारती के प्रमुख कार्यों में शामिल है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जागरण अभियान चलाए जा रहे हैं और हजारों स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत-केंद्रित नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर विद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इन संस्थानों के माध्यम से भारतीय अध्यात्म आधारित शिक्षा पद्धति को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्रभावना और नैतिक मूल्यों का विकास हो सके।बैठक के दौरान संगठन के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल का किया स्वागत

**माखन नगर** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सुहागपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे किसान नेता पुष्पराज पटेल का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया पुष्पराज पटेल ने वरिष्ठ कांग्रेस जन महेंद्र सिंघई कुलदीप मिश्रा हकीम खान लल्ला भैया रमेश तिवारी का आशीर्वाद लिया कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने 21 किलो की माला पहनाकर अपने प्रिय नेता का स्वागत किया कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शाल श्रीफल भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं गलत जानकारी पर होगी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 28 फरवरी** आगामी होली, धुलेड़ी, रंगपंचमी और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शनिवार शाम को पुलिस जवानों ने शहर के मुख्य बाजारों और अन्य इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च पुलिस कंट्रोल से शुरू होकर नारायण टॉकीज चौक, चांडक चौराहा, घंटाघर, जैसानी चौक और परशुराम चौक जैसे प्रमुख क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान पुलिस ने दुकानदारों और आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति का संदेश दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग करने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी इलाकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है। मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने को भी कहा। पुलिस कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## अवकाश के दिनों में बिजली बिल केन्द्र खुले रहेंगे

**हरदा** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 7 मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च शनिवार एवं 01 मार्च, 08 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 03 मार्च होली, 19 मार्च गुडी पडवां, 20 मार्च जमात-उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमीं तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया है.

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई

**पिपरिया** शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क संकल्प क्लासेज में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई साथ ही विद्यार्थियों के मध्य उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। नि:शुल्क संकल्प क्लासेज में पूर्व सैनिक निरंजन वैष्णव बताया कि आजाद जी का साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति हर युवा के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत है। चन्द्रशेखर आजाद जी भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी थे। सन् 1922 में गाँधीजी द्वारा असहयोग आन्दोलन बन्द कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुडे

# जिले में आजीविका होली मेला का भव्य शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/28,फरवरी,2026** / जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'संभाग स्तरीय आजीविका होली मेला' का शुभारंभ कोठी बाजार स्थित हैप्पी मैरिज गार्डन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण महिला उद्यमियों एवं स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्थानीय स्तर पर निर्मित शुद्ध एवं हर्बल उत्पादों की खरीदारी करें और ग्रामीण प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें। जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने बताया कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण शिल्पकारों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को उनके उत्पादों के विपणन हेतु सीधा मंच प्रदान करना है.

## होलिका पूजन दहन सही समय कब ? 2 या 3 मार्च

**सिवनी मालवा 28 फरवरी 2026,** होलिका दहन को लेकर इस बार लोगों के मन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। 2 मार्च या 3 मार्च आखिर होलिका दहन कब किया जाए ? पूर्णिमा दो दिन, भद्रा का प्रभाव और 3 मार्च को चंद्रग्रहणज्इन सबके बीच क्या है शास्त्रोचित निर्णय ? इस वर्ष होलिका दहन को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कारण है फाल्गुन पूर्णिमा का दो दिन तक रहना और 3 मार्च को चंद्रग्रहण का योग बनना। विभिन्न पंचांगों के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 की सायंकाल लगभग 5 .32 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च 2026 की सायंकाल लगभग 4 .46 बजे तक रहेगी। कुछ गणनाओं में यह समय 2 मार्च सायं 5 .55 बजे से 3 मार्च सायं 5 .07 बजे तक बताया गया है। पूर्णिमा लगते ही भद्रा का प्रवेश हो जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलिका दहन के लिए तीन मुख्य नियम माने गए हैं। रात्रिकाल होना चाहिए, पूर्णिमा तिथि हो और भद्रा मुक्त काल होना चाहिए। इस सम्बंध में विद्वान पंडित विद्याधर शर्मा ने बताया कि भद्रा के मुखकाल में शुभ कार्य वर्जित माने गए हैं। साथ ही 3 मार्च को चंद्रग्रहण का योग बन रहा है। ग्रहण से लगभग नौ घंटे पहले सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा

## भारत में विज्ञान की उज्जवल परंपरा रही है, जिसमें मनीषियों का विशेष योगदान रहा है - डॉ मेहता



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 28 फरवरी** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिभा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने की। उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि भारत में विज्ञान की उज्जवल परंपरा रही है, जिसमें ऋषियों और मनीषियों का विशेष योगदान रहा है आयुर्वेदिक ज्ञान के जनक चरक, शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत, अष्टांग हृदय के रचयिता वाग्भैटट, कणाद ऋषि के परमाणु सिद्धांत एवं पतंजलि के योग सूत्र, वराह मिहिर की वृहत् संहिता का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि भूजल सूचक पौधे के बारे में हमारे ऋषियों ने बताया कि दीमक में बामी जहां होती है, वहां भूजल अधिक होगा । मुख्यम वक्ताा डॉ सुगंधा सिंह ने वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार में जिज्ञासा तर्क, ज्ञान की खोज , मानव सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्हें बताया कि हमारी परम्परागत वैज्ञानिक दृष्टि आज के आधुनिक विज्ञान को किस प्रकार दिशा दे सकती है, विज्ञान और मानव स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कुल्हाड़ी, सरोता और दो के पहाड़े की उपयोगिता बताई, जो पहले के युग से आज के समय में भी उतनी ही है। विज्ञान के चमत्कारों का विवरण उल्लेखनीय उदाहरण जैसे नैनो टेक्नोभलॉजी, सिंथेटिक बॉयोजाली, न्यूट्रास्यूडटिकल्सन, सुपर फूड आदि के बारे में विशेष जोर दिया । डॉ गोविंद मंसूरे ने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसर विज्ञान को जीने से मानव के शरीर बुद्धि,मन,बल, आयु, स्वास्थ्य की वृद्धि होती है। इसका मुख्यन उदारण आयुर्वेद योग आदि है । भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने के लिए भारतीय दृष्टि से ही अध्ययन करना होगा, नाकी विदेशी चश्मे से नहीं। जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने बताया कि भारतीय ज्ञान का स्त्रोत वेद है, और वेदों में मानव का उत्कृष्ट उन्नत जीवन वर्णित है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, जनभागीदारी अध्यऔक्ष डॉ नीरज जैन, डॉ सुगंधा सिंह, डॉ गोविंद मंसूरे, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ सूसन मनोहर, डॉ अर्चना शर्मा आदि ने किया

## हजारीलाल गुर्जर बने अध्यक्ष, आदित्य असंगे उपाध्यक्ष एवं आनंद भार्गव सचिव निर्वाचित



सिवनी मालवा अधिवक्ता संघ चुनाव सम्पन्न, सह सचिव पद पर विकास रघुवंशी तथा ग्रंथपाल पद पर सुमित गहलोत निर्विरोध निर्वाचित, 153 में से 144 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 28 फरवरी** जिला सत्र न्यायालय सिवनी मालवा के अधिवक्ता संघ के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के तहत कुल 153 अधिवक्ताओं में से 144 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रतिशत उत्साहजनक रहा और उल्लेखनीय बात यह रही कि चुनाव में एक भी मत निरस्त नहीं हुआ। चुनाव अधिकारी अजीत सिंह राजपूत ने बताया कि सह सचिव पद पर विकास रघुवंशी तथा ग्रंथपाल पद पर सुमित गहलोत निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में हजारीलाल गुर्जर ने 87 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवशंकर गौर (57 मत) को 30 मतों के अंतर से पराजित किया। इस प्रकार हजारीलाल गुर्जर अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बने। सचिव पद पर आनंद भार्गव को 85 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी मनीष बाथव को 59 मत मिले।

## नि :शुल्क स्टेशनरी वितरण को लेकर पत्र दिया

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की एससीएसटी छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा स्वीकृत निन्शुल्क स्टेशनरी तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराये जाने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य क्षितिज मेहरा ने एसडीएम को पत्र सौंपा.

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेटियों को लगा एचपीवी वैक्सीन

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 28 फरवरी** कलेक्टर सिद्वार्थ जैन के मार्गदर्शन में हरदा जिले में सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिंह ने बताया कि जिला चिकित्सालय के डीईआईसी में प्रथम दिवस 21 बालिकाओं को टीका लगाकर अभियान को जिले में प्रारंभ किया गया । राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान से किया । इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के अजमेर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया । मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभियान का शुभारंभ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से किया । डीआईओ डॉ.जी.एस.कुशवाहा ने बताया कि हरदा जिले की सभी बालिकाएं, जिनकी आयु 14 वर्ष हैं, प्रथम चरण में हरदा जिले को एचपीवी वैक्सीन के 4232 डोस प्राप्त हुए हैं ।

**आस्था** परुलकर परिवार द्वारा ससम्मान बाबा की चरण पादुका की पूजा अर्चना की जाती है

# बाबा के दर्शन करने अमेरिका एवं मुंबई से आए भक्त



**नवभारत न्यूज**
**सिराली, 28 फरवरी** साई धाम सिराली में दूर-दूर से भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। अमेरिका एवं मुंबई से भक्त दर्शन के लिए पधारे। साई बाबा के समकक्ष, परम भक्त हरदा जिले के नकवाड़ा सिरकंबा निवासी पंडित श्री छोटू जी परुलकर के परिजन बाबा के दर्शनों के लिए पधारे ,पंडित श्री छोटू जी परुलकर बाबा के परम भक्त रहे हैं बाबा के समक्ष श्री छोटू जी परुलकर निरंतर बाबा के दर्शनों के लिए जाते थे लेकिन वृद्धावस्था के कारण उन्होंने बाबा से कहा कि मैं निरंतर आपके दर्शन नहीं कर पाऊंगा तब बाबा ने अपनी चरण पादुका उन्हें भेंट करते हुए कहा कि यह चरण पादुका ही मेरे प्रत्यक्ष दर्शन का आभाश करवाएगी। तभी से हरदा में परुलकर परिवार द्वारा ससम्मान बाबा की चरण पादुका की पूजा अर्चना की जाती है उन्हीं के परिवार के सदस्य आज साई धाम सिराली बाबा के दर्शनों के लिए पहुंचे साई परिवार सिराली के द्वारा उनका हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया।परिजनों ने बाबा के दर्शनों के बाद कहा कि इस मंदिर में शिर्डी के दर्शन की अनुभूति होती है यहां आकर हमारा मन श्रद्धा से प्रफुल्लित हो गया।इस अवसर पर कुंज बिहारी सोमानी मानक सेठ दयाशंकर करोड़े संजय दुबे असलम मंसूरी वेद प्रकाश शर्मा सचिन कुशवाह मुकेश टाले सहित साई परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।